वीरबहादुर सिंह पूर्वाञ्चलविश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email: aracademicvbspu@gmail.com

पत्रांकः 9183 /पू.वि.वि./शैक्षणिक/2025 दिनांक : 28 / 08 /2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या एवं नियमित शिक्षक,
समस्त अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय,
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः विषयवार शोध निर्देशकों के निर्देशन में पंजीकृत शोधार्थियों की अद्यतन सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आपको अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित किया जा चुका है। मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार पी–एच0डी0 प्रवेश 2024 की कार्यवाही अतिशीघ्र करायी जानी है।

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि असि0प्रो0 को 04 सीट, एसो0 प्रो0 को 06 सीट एवं प्रोफेसर को 08 सीट शोध हेतु निर्धारित है। जिन शोधार्थियों का शोध प्रबन्ध दिनांक 04.09.2025 तक विश्वविद्यालय में मूल्यांकन हेतु जमा हो जायेगा उसे रिक्त समझा जाय। उक्त के दृष्टिगत आप सभी नियमित शिक्षकों एवं प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय के समस्त अर्ह शिक्षकों जो शोध कार्य करने हेतु अर्ह है उनके अन्तर्गत रिक्त सीटो की सूचना गुगल फार्म पर भर कर उसका प्रिंट आउट अपने प्राचार्य से प्रमाणित कर दिनांक 08.09.2025 तक विश्वविद्यालय कुलसचिव कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करायें। गुगल फार्म का लिंक निम्नवत हैः–

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeBW9Kb0Wk_PWt9E1qcVmstw0mQrpBD0F00j4ui20qhNkjHtw/viewform?usp=preview

उक्तानुसार समस्त अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो से अनुरोध है कि कृपया 08.09.2025 तक अनिवार्य रूप से जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. परीक्षा नियंत्रक, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. वेवमास्टर वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

28.08.25

उप कुलसचिव